हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
जमशेदपुर
गुरुवार
27 जुलाई 2023
07

# जिंदगी को अलग नजरिये से देखने वाले लोग बधाई के पात्र

**बोले डीसी**

- विद्यालय के सीनियर ब्लॉक का उद्घाटन किया
- मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ा सम्मानित किया



विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों से जानकारी लेते डीसी। ● हिन्दुस्तान

चाईबासा, संवाददाता। पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा है कि सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करने वाले ही बधाई के पात्र नहीं होते। जिंदगी को अलग नजरिये से देखने वाले लोग भी बधाई के पात्र होते हैं। बधाई के पात्र वे सभी बच्चे बच्चियां और लोग होते हैं, जो समझ पाते हैं, कुछ सीखना चाहते हैं, आगे बढ़ना चाहते हैं। कहीं पर भी भटक रहे हैं, तो बड़ों से बात करके अपनी राह फिर से पकड़ पाते हैं। वे बुधवार को इस्टीम पब्लिक स्कूल में सीनियर ब्लॉक का उद्घाटन सह विज्ञान प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों के हर मौके पर बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर गति से आगे बढ़ने और और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील उपस्थित थे। उपायुक्त ने अपने विद्यालय के सीनियर ब्लॉक का उद्घाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रेक्षागृह में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने गायन, नृत्य और अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लासिकल, सेमीक्लासिकल, लोकनृत्य व नृत्य-नाटिका की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र के बाद उपायुक्त ने विज्ञान-प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए सभी मॉडल्स का निरिक्षण कर बच्चों से मॉडल्स संबंधित सवाल-जवाब भी किए।

प्रभात खबर
जमशेदपुर, गुरुवार
27.07.2023
03

# साइंस प्रदर्शनी में बच्चों के मॉडल देख उपायुक्त ने जतायी खुशी



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते उपायुक्त अनन्य मित्तल.

- उपायुक्त ने इस्टीम पब्लिक स्कूल के सीनियर ब्लॉक व विज्ञान प्रदर्शनी का किया उद्घाटन
- सत्र 2022-23 के 10वीं व 12वीं के टॉपर्स हुए सम्मानित



सम्मानित करते उपायुक्त.

**चाईबासा.** इस्टीम पब्लिक स्कूल में बुधवार को सीनियर ब्लॉक व साइंस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त अनन्य मित्तल व विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील ने किया. विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज झा ने अतिथियों को स्वागत व सम्मानित किया. बच्चों ने अपने गायन, नृत्य और अभिनय से दर्शकों को मुग्ध कर दिया. क्लासिकल, सेमीक्लासिकल, लोकनृत्य व नृत्य-नाटिका को खूब सराहना मिली. उपायुक्त ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के बनाये मॉडल्स का निरीक्षण किया. बच्चों से मॉडल्स संबंधित सवाल-जवाब किये.

सत्र 2022-23 के मैट्रिक व इंटर टॉपरों को उपायुक्त के हाथों ट्रॉफी दी गयी. प्राचार्य टी. कुमार ने उपलब्धियां बतायीं. उपायुक्त ने कहा कि अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं सहयोग से विद्यार्थी सफल होते हैं. उन्होंने बच्चों के मॉडल्स व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की.

# इस्टीम पब्लिक स्कूल के विज्ञान प्रदर्शनी देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

## उपायुक्त और डीइओ ने किया सीनियर ब्लाक का लोकार्पण

**जासं, चाईबासा** : इस्टीम पब्लिक स्कूल में सीनियर ब्लाक का उद्घाटन सह साइंस एग्जिबिशन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील उपस्थित थे। उपायुक्त ने विद्यालय के सीनियर ब्लाक का उद्घाटन किया तत्पश्चात विद्यालय के प्रेक्षागृह में उनका आगमन हुआ। विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने अतिथियों को पुष्प-गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



इस्टीम पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते उपायुक्त अनन्य मित्तल।

इसके बाद उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने गायन, नृत्य और अभिनय के प्रदर्शन से उपस्थित दर्शक अचंभित रह गये। क्लासिकल, सेमीक्लासिकल, लोकनृत्य व नृत्य-नाटिका की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए सभी माडल्स का निरीक्षण कर बच्चों से माडल्स संबंधित सवाल-जवाब कर मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सत्र 2022-23 के दसवीं बोर्ड टापर्स और 12वीं के टापर्स को उपायुक्त ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

प्राचार्य टी. कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के स्वरूप, कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी साझा की। उपायुक्त ने अपने संबोधन में प्रत्येक बच्चे व अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को विशेष बताया जिनके आपसी सहयोग से ही सफलता की कहानी अच्छी पढ़ाई। अनुशासन, बेहतर रिजल्ट विद्यालय के द्वारा दिया जा रहा है। वही बच्चों की प्रतिभा साइंस एग्जीबिशन में सराहनीय की और विद्यालय सफलता की ऊंचाइयों को हासिल करने के प्रति अग्रसर है। बच्चों द्वारा प्रदर्शित माडल्स एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक डा. मनोज कुमार झा ने किया।



# बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

## इस्टीम पब्लिक स्कूल के सीनियर ब्लॉक का उद्घाटन




**भास्कर न्यूज | चाईबासा**

इस्टीम पब्लिक स्कूल में सीनियर ब्लॉक के उद्घाटन कार्यक्रम में उपायुक्त एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे अभय कुमार शील, डीएसई उपस्थित थे। उपायुक्त, डीएसई, विद्यालय के निदेशक और प्राचार्य का तिलक कर बैंड ग्रुप द्वारा स्कॉट कर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। इसके बाद उपायुक्त ने विद्यालय के सीनियर ब्लॉक व विज्ञान-प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज झा ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने गायन, नृत्य से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य व नृत्य-नाटिका की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा तैयार सभी मॉडल का निरीक्षण कर बच्चों से संबंधित सवाल-जवाब भी किए।